दिनांक 24.11.2017

**स्वच्छ भारत अभियान** **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

**भिलाईनगर**/स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरुकता लाने प्रातः सुबह 6 बजे एवं रात्रिकालीन 8 बजे सफाई कार्य कर रहे कर्मचारियों के कार्यों का निरीक्षण करने आयुक्त चौहान, स्वास्थ्य अधिकारी आर0के0 साहू के साथ वार्ड 37 मार्केट क्षेत्र में पहुंचे। मार्केट क्षेत्र के व्यापारियों से अपने दुकान के सामने डस्टबीन रखने को कहा हरे डस्टबीन में गीला कचरा नीले डस्टबीन में सुखा कचरा डालने के लिए ग्राहकों को समझाईस देने को कहा।

सफाई अभियान में आम नागरिकों की सहभागिता के लिए मोबाईल में स्वच्छता एप्प डाउनलोड कराया गया संबंधित को बताया गया कि आप अपने क्षेत्र के किसी भी जगह का फोटो खिचकर ऑनलाईन जानकारी भेजेंगे निगम त्वरित कार्यवाही करते हुए सफाई करेगा आपके सहमति व सहयोग से मोबाईल जागरुकता से सफाई और बेहतर बनेगा।

शौचालय का निरीक्षण वार्ड 37 सोनिया गांधी नगर, वार्ड 39 पावर हाउस बस स्टैंण्ड, वार्ड 28 लक्ष्मण नगर तालाब, बीईसी चौक, उड़िया बस्ती गोकुल नगर, बालक नाथ मंदिर, सुलभ शौचालय पानी टंकी पम्प हाउस के पास पहुंचकर सफाई कार्य की जानकारी प्राप्त की निवासियों से उपयोग के बाद पानी डालने, सफाई व्यवस्था को बनाये रखने में सहयोग करने को कहा। लक्ष्मण नगर तालाब के बगल में भैंस खटाल का गोबर नाली में बह रहा था उसके कारण गंदगी फैल रहा है पानी, बिजली कनेक्शन काटकर जोन आयुक्त संजय शर्मा से अवगत कराने को कहा।

निगम के जोन अधिकारियों को निर्देशित किये कि निगम द्वारा संचालित सार्वजनिक शौचालय का रंग रोगन किया जाये स्वच्छता जागरुकता स्लोगन लिखा जाये महिला पुरुष का अलग–अलग से चिन्ह बना दें। दिव्यांग लोगों को चलने के लिए सुगमता हेतु प्लेटफार्म का निर्माण किया जाये। जिससे किसी भी प्रकार की परेशानी न हो । निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त संजय शर्मा, अभियंता बसंत साहू, योगेन्द्र साहू, स्वास्थ्य अधिकारी आर0के0 साहू, व्ही0के0 सेमुवल, जावेद अली, विनोद शुक्ला, वेंकटराव, दिलीप शर्मा, स्वच्छता पर्यवेक्षक आदि उपस्थित रहें।

**जनसम्पर्क अधिकारी**